Title : Need to check ill-treatment meted out to the Students of Navodaya Vidyalaya in Mohaba, Uttar Pradesh.

श्री राजनारायण बुधौलिया (हमीरपुर, उ.प्र.): उपाध्यक्ष महोदय, बहुत-बहुत धन्यवाद। चार दिन से लगातार मैं इस मामले को उठाने का प्रयास कर रहा हूं। दो दिन तो एनडीए वालों की कृपा से मौका नहीं मिला और कल आपकी अनुमति नहीं मिली।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अन्तर्गत देश के प्रत्येक जिले में चलाये जा रहे जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों का विद्यालय के अध्यापकों एवं प्रशासन द्वारा लगातार उत्पीड़न हो रहा है। दैनिक समाचार-पत्रों में लगातार इस बारे में खबरें भी आ रही हैं। मेरे ही संसदीय क्षेत्र के जवाहर नवोदय विद्यालय, महोबा (उ.प्र.) में 23 जुलाई 2004 को कक्षा छः के छात्र, श्री अजय वर्मा के पुत्र श्री राम प्रसाद की संदिग्ध परिस्थिति में रेल पटरी पर लाश पाई गयी थी तथा अक्तूबर, 2004 को इसी विद्यालय के एक अन्य छात्र, वीरेन्द्र प्रजापति, पुत्र श्री राम नरायण ने प्रवक्ताओं के उत्पीड़न से तंग आकर अपनी जान दे दी थी। एक साल बाद नवम्बर, 2005 में पुनः एक प्रवक्ता द्वारा कक्षा नौ के छात्र फारूख अहमद, पुत्र मो. अब्दुल वानी की कमरे में ले जाकर बेरहमी से पिटाई की गयी, जिसका इलाज अभी भी जिला अस्पताल में चल रहा है। चीख-पुकार सुनकर अन्य छात्र वहां आ गये। दर्द से कराह रहे इस छात्र को उसके साथी छात्रों द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्कूल प्रशासन द्वारा इस मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से मैं अनुरोध करना चाहता हूं कि जवाहर नवोदय विद्यालय, महोवा, उत्तर प्रदेश में लगातार हो रहे छात्रों के उत्पीड़न को रोका जाए और मरने वाले छात्रों के परिवारों को दिये जा रहे मुआवजे की राशि को बढ़ाया जाए। साथ ही जिला अस्पताल में भर्ती छात्र फारुख अहमद के इलाज का सारा खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाए तथा उसके परिवार को आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जाए। भविय में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए कदम उठाए जाएं और इस दिशा में उचित कार्रवाई की जाए।

उपाध्यक्ष महोदय : श्री गणेश सिंह-- उपस्थित नहीं।

श्री बसुदेव आचार्य-- उपस्थित नहीं।